दैनिक

# बिजनेस दर्पण

RNI No. MPHIN/2020/78849




प्रधान संपादक - हेमन्त जैन

E mail -businessdarpan108@gmail.com

वर्ष - 4 अंक – 12 | इंदौर,शुक्रवार 13 जनवरी 2023 | पेज – 8 | मूल्य 1 रुपए



## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सम्बोधित किया

**इंदौर** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विशेष सशस्त्र बल की 15वीं वाहिनी के मैदान पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि जो जैसा सोचता है और करता है वह वैसा ही बन जाता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने आपको कमजोर नहीं समझना चाहिए बल्कि मजबूत समझना चाहिए, तभी वह मजबूत बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यार्थियों को समझाइश दी कि वे नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करें। सूर्य नमस्कार में सभी तरह के आसन शामिल हैं। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री मधु वर्मा, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और विद्यार्थी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास से हमारे तन के साथ मन भी स्वस्थ रहता है।





आज मा. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात हुई साथ में तुलसी सिलावट जी चर्चा करते हुए और दैनिक बिजनेस दर्पण की प्रति भेंट की एवं श्री सिंधिया जी ने बिजनेस दर्पण की प्रति देखकर सराहना की

## चुनावी साल में मध्यप्रदेश सरकार बड़ी रकम सड़कों पर खर्च करेगी

**भोपाल ( एजेंसी )। मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में होना है। इसको लेकर सरकार ने तरह-तरह की योजनाएं बनाना शुरू कर दी है। इस साल 18 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि से प्रदेश की सड़कों की चमचमाहट बढ़ाने की योजना है। इसके तहत पुल-पुलियाओं के अलावा ब्रिज पर भी बड़ी रकम खर्च की जाएगी।**

वैसे तो सरकार सभी वर्गों और विभागों के लिए काम करने की योजना बना रही है। खासतौर से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अब पूरी तरह से चुनावी मूड में होकर कार्य योजना बनाने पर जुट गए हैं। सरकार ने इतना विकास किया है ये सड़कों की दशा को देखकर ही पता चलता है। हाल ही में जब भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी की यात्रा मध्यप्रदेश की सड़कों से गुजरी थी तब सड़कों की जर्जर हालत को लेकर जमकर चर्चा हुई थी। कांग्रेस न सरकार को घेरने की भी कोशिश की थी। मध्यप्रदेश में वर्तमान समय मेंसड़कों की कुल लम्बाई 71 हजार किलोमीटर है। इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें शामिल नहीं हैं। प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमर्ा की लम्बाई 8853 किलोमीटर है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होना है, जिसके लिए शिवराज सरकार ने विकास और निर्माण कार्यों पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया है, ताकि फिर सत्ता में लोट सकें।







## 26वें महावीर पुरस्कारों की घोषणा

26वें महावीर पुरस्कारों की घोषणा न्यायमूर्ति श्री एम एन वेंकटचलैया (सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश) की अध्यक्षता वाली चयन समिति द्वारा की गई। आपके सम्मानित जर्नल/समाचार पत्र में समाचार के रूप में प्रकाशित करने के लिए पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का विवरण और आलेख इसके साथ संलग्न है। प्रत्येक पुरस्कार के साथ 10, 00,000/- रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह शामिल है। यह पुरस्कार शीघ्र ही एक प्रसिद्ध गणमान्य व्यक्ति द्वारा प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन ने अब तक 25 महावीर पुरस्कार दिवस मनायें है , और 84 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया है, जिसमें 22 राज्यों और 1 केंद्र शासित राज्यों के व्यक्ति और संस्थान शामिल हैं। यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति, भारत के उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा प्रदान किए गयें हैं।

### बहुत याद आते हैं जैन समाज की अद्भुत पहचान स्वर्गीय प्रदीप काका कासलीवाल

**राजेश जैन ,दद्दू**

इंदौर 13 जनवरी,2023 को हमारी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व.श्री प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल जी की 75वीं जन्म जयंती पर सभी ग्रुप किसी ,सामाजिक गतिविधि को क्रियान्वित करने का प्रयास करें। प्रयास शब्द इसलिए कि समय कम है , साथ ही यह विश्वास भी है की छ्छ्स्त्र के समर्पित साथी 13 जनवरी को श्रद्धेय प्रदीप जी कासलीवाल साहेब की अमृत महोत्सव जयंती* को अविस्मरणीय बनायेंगे। इसी दिन 13 जनवरी को नव मनोनीत राष्ट्रीय टीम* नवीन पद के साथ, सभी पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान पदाधिकारियों की गौरवमयी उपस्थिति में DJSGF के प्रधान कार्यालय (इंदौर)* में मंगल प्रवेश कर अपने नवीन कार्यालय का शुभारंभ करेंगे सभी ग्रुप अध्यक्ष सचिव महोदय अपने सामाजिक सेवा की गतिविधि अवश्य करें






# स्थानकवासी जैन साध्वी शीतल महाराज का संघ सहित कामां में हुआ प्रवेश

### आदिनाथ भगवान प्रगट तिथि व रथयात्रा फ्लेक्स का किया विमोचन

**( संजय जैन, कामा )** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर एवं, इस युग के आदि कर्ता है । जिन्होंने इस संसार को असी, मसी, कृषि ,शिल्प कला, वाणिज्य का ज्ञान देकर जीविकोपार्जन करना सिखाया है। ऐसे आदिनाथ भगवान तलघर वाले बाबा की प्रतिमा मकर संक्रांति के पावन दिन कामा के शान्तिनाथ मन्दिर के तलघर में प्रकट हुई और जैन समाज कामा द्वारा 14 जनवरी को भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी हम अनुमोदना करते हैं उक्त कथन कामा के विजय मती त्यागी आश्रम में श्वेतांबर स्थानकवासी साध्वी शीतल महाराज ने व्यक्त किए।

शान्तिनाथ मन्दिर के प्रदीप जैन बड़जात्या ने बताया कि आचार्य सुभद्र मुनि महाराज की सुशिष्या शीतल महाराज ने 30 वीं प्रगट थिति एव रथयात्रा महोत्सव फ्लेक्स का विमोचन किया तो इस अवसर पर जैन समाज कामां द्वारा आयोजित रथयात्रा को समस्त संघ ने अनुमोदना कर कहा कि जैन समाज कामां सेवाभावी व धर्म प्रिय समाज है। कामा के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में व्यवस्था समिति की बैठक भी आयोजित हुई जिसमें रथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर कार्य वितरण किया गया। इस अवसर पर कपूर चंद जैन, संजय जैन सर्राफ, संजय जैन बड़जात्या, नीरज जैन, राजू जैन बड़जात्या, नवीन जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# इंदौर की पहचान क्या सिर्फ यही है 56 दुकान और सराफे

(पाटोदी) महज़ कुछ खाने पीने की दुकानें .. ? इंदौर को यहां के उद्यमियों ने शानदार मॉल दिए,5 स्टार होटल दिए , बड़ी बड़ी टाउनशिप दी बिल्डिंग दी, मीडिया घराने दिए,बड़े कारखाने दिए,विश्वतरीय अस्पताल दिए एजुकेशन सेंटर दिए जिधर पूरे देश से बच्चे यहां पढ़ने आ रहें हैं इस शहर को महानगर का स्वरूप इन्ही लोगों ने दिया है इनका कोई जिक्र नहीं ? आप ब्रांडिंग किसकी कर रहें है ? पोहा, कचोरी ,दहीबड़ा हॉटडॉग, बनाने वालों की अपने भाषणों में भी यही जिक्र कर रहें है की छप्पन जाना सर्राफे जाना ....फिर उम्मीद कर रहें है की यहां लोग निवेश करें?बिजनेस समिट है निवेश करवाना आपका ध्येय है तो शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर की चर्चा होनी चाहिए ! आप कचौरी पोहे जलेबी और नकली सजावट लाइटिंग पर फोकस कर रहें हैं

## फर्जी दस्तावेज के जरिए शातिर जालसाज ने वृद्धा की करोड़ों की जमीन हड़पी

**भोपाल गोविंदपुरा पुलिस ने एक बुजुर्ग महिला की शिकायत पर एक बार फिर शातिर जालसाज विजय श्रीवास्तव पर शिकंजा कसा है। आरोपित ने अपने साढ़ू और साथियों के साथ मिलकर वृद्धा की बरखेड़ा पठानी की सात करोड़ की पांच एकड़ जमीन अपने नाम करा ली थी। पीडिता की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने आरोपित जालसाज और उसके साथियों पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली है। इनमें एक आरोपित की मृत्यु भी हो चुकी है।**

गोविंदपुरा थाने के एसआइ वासुदेव साविता के मुताबिक बरेखड़ा पठानी में रहने वाली 60 वर्षीय मुन्नीबाई पति स्व. दौलत राम गृहणी है। उसके पति किसान थे। उसकी पुश्तैनी जमीन करीब पांच एकड़ 95 डेसीमिल बरखेड़ा पठानी में है। इस जमीन की वर्तमान कीमत करीब सात करोड़ रुपये है। उस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर आरोपित विजय श्रीवास्तव ने अपने रिश्तेदार अमित सक्सेना, संदीप सोनी और अन्य साथियों के साथ मिलकर रजिस्टार कार्यालय में फर्जी लोगों को खड़ा कर वृद्धा की जमीन अपने नाम पर करा ली थी। जब महिला को इसके बारे में पता चला तो उसने पुलिस के आला अधिकारियों के पास इसकी शिकायत की। पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी ने बुजुर्ग महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना गोविंदपुरा को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस मामले में गोविंदपुरा टीआइ ने मामले की जांच एसआइ वासुदेव साविता को दी।